गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह शनिवार, 24 जनवरी को लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करेंगे

केन्द्रीय गृह मंत्री 'एक जनपद – एक व्यंजन' (One District One Cuisine) योजना की शुरुआत करेंगे

सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का भी होगा शुभारंभ

गृह मंत्री CM YUVA में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार देंगे और उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 वितरित करेंगे

प्रविष्टि तिथि: 22 JAN 2026 3:51PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह शनिवार, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करेंगे।

लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह 'एक जनपद – एक व्यंजन' (One District One Cuisine) योजना की शुरुआत करेंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक जनपद/जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजन को चिह्नित कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्वाद की केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान बन सके।

'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का भी शुभारंभ करेंगे। गृह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की CM YUVA (मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान) योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार देंगे और साथ ही, उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 का वितरण करेंगे।

***

RK/RR/PR

(रिलीज़ आईडी: 2217257) आगंतुक पटल : 432
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Urdu , Assamese , English , Punjabi , Gujarati , Tamil , Telugu , Kannada